# पढ़ो पंजाब पढ़ाओ पंजाब हिंदी टीम
# पाठ्यक्रम आधारित प्रश्नोत्तर-बैंक

## प्रश्न - बैंक 2020     श्रेणी – नौवीं

## अक्तूबर - नवम्बर के पाठ्यक्रम पर आधारित

**पाठ्य – पुस्तक   कविता - भाग**

### पाठ - 4 झाँसी की रानी की समाधि पर

• **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गये बहु वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-**

बढ़ जाता है मान वीर का, रण में बलि होने से ।
मूल्यवती होती सोने की भस्म, यथा सोने से ।।
रानी से भी अधिक हमें अब, यह समाधि है प्यारी ।
यहाँ निहित है स्वतंत्रता की, आशा की चिंगारी ।।

**प्रश्न 1 :- ( क ) रण में बलिदान देने से वीर का क्या बढ़ जाता है ?**

( क ) मान     ( ख ) वीरता     ( ग ) साहस     ( घ ) खून

उत्तर :- ( क ) मान

**प्रश्न ( ख ) सोने से अधिक क्या चीज़ कीमती होती है ?**

( क ) चाँदी     ( ख ) हीरे     ( ग ) सोने की भस्म     ( घ ) पीतल

उत्तर :- ( ग ) सोने की भस्म

**प्रश्न ( ग ) प्रस्तुत पद्यांश किस कविता से लिया गया है ?**

( क ) कर्मवीर     ( ख ) झाँसी की रानी की समाधि पर     ( ग ) पाँच मरजीवे     ( घ ) सूरदास के पद

उत्तर :- ( ख ) झाँसी की रानी की समाधि पर

**प्रश्न (घ) 'स्वतंत्रता' शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या होगा?**

( क ) गुलामी     ( ख ) पराधीनता     ( ग ) आज़ादी     ( घ ) इनमें से कोई नहीं

उत्तर :- आज़ादी

प्रश्न (ङ) पंक्ति पूरी करें – रानी से भी अधिक हमें अब, यह ________ है प्यारी ।

( क ) समाधि ( ख ) आज़ादी ( ग ) गुलामी ( घ ) इनमें से कोई नहीं

उत्तर :- ( क ) समाधि

प्रश्न 2 :- 'मरदानी' शब्द किसके लिए प्रयोग किया गया है ?

( क ) रानी लक्ष्मीबाई ( ख ) दुर्गावती ( ग ) बचेंद्री पाल ( घ ) मीराबाई

उत्तर :- ( क ) रानी लक्ष्मीबाई

प्रश्न 3 :- 'झाँसी की रानी की समाधि पर' कविता किसने लिखी है ?

( क ) अज्ञेय ( ख ) सुभद्रा कुमारी चौहान ( ग ) योगेंद्र बख़्शी ( घ ) सूरदास

उत्तर :- ( ख ) सुभद्रा कुमारी चौहान

प्रश्न 4 :- रानी लक्ष्मीबाई ने अपना बलिदान किस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए किया ?

उत्तर :- रानी लक्ष्मीबाई ने अपना बलिदान देश को अंग्रेज़ों से आज़ाद करवाने के लिए दिया।

प्रश्न 5 :- कवयित्री को रानी से भी अधिक रानी की समाधि क्यों प्यारी है ?

उत्तर :- कवयित्री को रानी की समाधि इसलिए प्यारी है क्योंकि इस समाधि से आज़ादी के संघर्ष की प्रेरणा मिलती है। जिस प्रकार सोने से अधिक सोने की भस्म कीमती होती है, उसी प्रकार रानी से अधिक उसकी समाधि कीमती है।

प्रश्न 6 :- 'झाँसी की रानी की समाधि पर' कविता से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?

उत्तर :- यह एक वीर रस की कविता है। इस कविता द्वारा कवयित्री ने रानी लक्ष्मीबाई को श्रद्धाँजलि भेंट की है। इस कविता से हमें यह शिक्षा मिलती है कि हमें अपने देश के प्रति बलिदान देने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। हमारे अंदर देशभक्ति, त्याग ,देशप्रेम की भावना होनी चाहिए। हमें अपनी आज़ादी और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना तन, मन, धन सब कुछ त्याग कर देना चाहिए। इस कविता से हमें वीरता और आत्मविश्वास की भी शिक्षा मिलती है।

*************

## पाठ - 6 पाँच मरजीवे

• निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गये बहु वैकल्पिकप्रश्नों के उत्तर दीजिए :

लीला से पर्दा हटा गुरु प्रकट हु ए

चकित देखते सब पाँचों बलिदानी संग खड़े

गुरुवर बोले, "मेरे पाँच प्यारे सिंघ

साहस, रूप, वेश, नाम में न्यारे सिंघ

दया सिंघ, धर्म सिंघ, और मोहकम सिंघ

खालिस जाति खालसा के साहब सिंघ व हिम्मत सिंघ

शुभाचरण पथ पर निर्भय देंगे बलिदान

अब से पंथ "खालसा" मेरा ऐसे वीरों की पहचान।"

प्रश्न 1 :- ( क ) यह पद्यांश किस कविता से लिया गया ?

( क ) पाँच मरजीवे ( ख ) कर्मवीर ( ग ) कबीर दोहावली ( घ ) सूरदास के पद

उत्तर :- ( क ) पाँच मरजीवे

प्रश्न ( ख ) 'निर्भय' शब्द का क्या अर्थ होगा ?

( क ) डरपोक ( ख ) भयभीत ( ग ) निडर ( घ ) इनमें से कोई नहीं

उत्तर :- ( ग ) निडर

प्रश्न ( ग ) 'शुभाचरण' में से उपसर्ग और मूल शब्द अलग करें।

( क ) शुभ + आचरण ( ख ) शु + भाआचरण ( ग ) शुभ + चरण ( घ ) शुभा + आचरण

उत्तर :- ( क ) शुभ + आचरण

प्रश्न ( घ ) 'गुरु' शब्द का पर्यायवाची शब्द चुनें ।

( क ) अध्यापक ( ख ) शिक्षक ( ग ) आचार्य ( घ ) उपर्युक्त सभी

उत्तर :- ( घ ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न ( ङ ) रिक्त स्थान भरें :-

अब से पंथ खालसा मेरा ऐसे ______ की पहचान ।

( क ) वीरों ( ख ) लोगों ( ग ) पुरुषों ( घ ) भाइयों

उत्तर :- ( क ) वीरों

प्रश्न 2 :- 'वैशाखी' शब्द में से मूल शब्द तथा प्रत्यय शब्द चुनें।

( क ) वैश + खी ( ख ) वै + शाखी ( ग ) वैशाख + ई ( घ ) इनमें से कोई नहीं

उत्तर :- ( ग ) वैशाख + ई

प्रश्न 3 :- 'वैशाखी का मेला' कहाँ आयोजित हु आ ?

( क ) श्री आनंदपुर साहिब ( ख ) श्री अमृतसर साहिब ( ग ) श्री मुक्तसर साहिब ( घ ) श्री पटना साहिब

उत्तर :- ( क ) श्री आनंदपुर साहिब

प्रश्न 4 :- 'पाँच मरजीवों ' के नाम लिखें ।

उत्तर :- 1) भाई दया सिंह (2) भाई धर्म सिंह (3) भाई मोहकम सिंह (4) भाई साहब सिंह (5) भाई हिम्मत सिंह

प्रश्न 5 :- 'मरजीवा' शब्द का क्या अर्थ होगा ?

उत्तर :- ' मरजीवा ' शब्द का अर्थ है - मर कर जीवित होने वाला । भाव जो व्यक्ति अमर होता है, उसे मरजीवा कहते हैं।

प्रश्न 6 :- गुरु जी ने वीरों की क्या पहचान बताई है ?

उत्तर :- गुरु जी के वीरों को उनके साहस, वेश-भूषा, रूप और नाम से पहचाना जाता है। गुरु जी के वीर विशेष सिंह है, जो अपने अच्छे आचरण के रास्ते पर चलते हुए निडर होकर अपना बलिदान देंगे। गुरु जी का एक-एक वीर लाखों पर भारी पड़ने वाला होता है। वह सच्चाई के मार्ग पर चलने वाला होता है।

******************

# कहानी भाग

## पाठ 9 - दो हाथ

• निम्नलिखित बहु वैकल्पिकप्रश्नों के सही उत्तर दीजिए :-

प्रश्न 1 :- 'दो हाथ 'कहानी के मुख्य पात्र का नाम क्या है?

( क ) पिता जी ( ख ) नीरू ( ग ) सभापति ( घ ) इनमें से कोई नहीं

उत्तर :- ( ख ) नीरू

प्रश्न 2 :- सभापति ने कौन सा निर्णय सुनाया?

( क ) सुन्दर हाथों का ( ख ) सुन्दर कपड़ों का ( ग ) सुन्दर आँखों का ( घ ) इनमें से कोई भी नहीं

उत्तर :- ( क ) सुन्दर हाथों का

• निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो पंक्तियों में दीजिए :-

प्रश्न 1 :- पिता का दुलार पाकर नीरू क्या भूल जाती थी ?

उत्तर- पिता का दुलार पाकर नीरू अपनी माँ का अभाव भूल जाती थी । वह दिनभर की थकावट भूल जाती थी।

प्रश्न 2 :- नीरू की सहेलियाँ उसका मज़ाक क्यों उड़ातीं थीं ?

उत्तर :- नीरू घर का सारा काम ख़ुद करती थी। उसके हाथ कटे-फटे और खुरदरे थे |इसलिए उसकी सहेलियाँ उसका मज़ाक उड़ाती थीं कि कोई भी उससे शादी नहीं करेगा।

प्रश्न 3 :- नीरू को उसके पिता ने हाथों का क्या महत्व समझाया?

उत्तर :- नीरू के पिता ने उसे समझाया कि हाथों की असली सुन्दरता काम करने में है, न कि उन्हें सजाने सँवारने में।

• निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर पाँच - छः पंक्तियो में दीजिए :-

प्रश्न 1 :- नीरू का चरित्र- चित्रण करें ।

उत्तर :- नीरू 'दो हाथ' कहानी की मुख्य पात्र है। बचपन में ही उसकी माँ की मृत्यु हो जाती है, इसलिए वह घर का सारा काम करती है । वह अपने पिता से बहुत प्यार करती है। घर के कामकाज के साथ - साथ उसने पढ़ाई , संगीत, खेल-कूद आदि में भी कई ईनाम जीते । जब सभापति ने उसे सुन्दर हाथ होने का पुरस्कार दिए तो उसे अपने हाथों की सुन्दरता का सही महत्व समझ आ गया था ।

********

# निबंध – भाग

## पाठ - 15 एक अंतहीन चक्रव्यूह

● निम्नलिखित बहुवैकल्पिकप्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रश्न 1 :- नशे के दलदल भरे चक्रव्यूह में फँसा व्यक्ति अपना......... लुटा देता है ? 'एक अंतहीन चक्रव्यूह' पाठ के आधार पर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें।

( क ) तन ( ख ) मन ( ग ) धन ( घ ) उपर्युक्त सभी विकल्प उचित हैं।

उत्तर :- ( घ ) उपर्युक्त सभी विकल्प उचित हैं ।

प्रश्न 2 :- नशा करने वाले व्यक्ति के स्वभाव में क्या परिवर्तन आ जाता है ?

( क ) स्वभाव चिड़चिड़ा और शंकालु हो जाता है। ( ख ) झूठ बोलने की आदत पड़ जाती है।

( ग ) आलस्य छा जाता है। ( घ ) सभी विकल्प उचित है।

उत्तर :- ( घ ) सभी विकल्प उचित है।

● निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन - चार पंक्तियों में दीजिए :-

प्रश्न 1 :- व्यसन या ड्रग एडिक्शन किसे कहते है ?

उत्तर :- कोई भी बुरी आदत व्यसन कहलाती है। जब मनुष्य का मन और उसका शरीर भी नशे का इतना गुलाम हो जाता है कि नशे के बिना जीना उसके लिए मुश्किल हो जाता है। उसकी यह अवस्था शारीरिक और मानसिक निर्भरता ही व्यसन या ड्रग एडिक्शन कहते हैं।

प्रश्न 2 :- नशा करने से पारिवारिक और सामाजिक जीवन पर क्या असर पड़ता है ?

उत्तर :- नशाग्रस्त व्यक्ति के मन और तन की रुग्णताएँ रोगी के पारिवारिक और सामाजिक जीवन को खंडहरों मे बदल देती हैं। वह अपनों का प्यार और साथ खो बैठता है और दुनिया में निरपट अकेला हो जाता है।

प्रश्न 3 :- नशीले पदार्थों का सेवन शरीर पर क्या दुष्प्रभाव डालता है ?

उत्तर :- नशीले पदार्थों के सेवन से भूख मर जाती है । रोगों से लड़ने की क्षमता ख़त्म हो जाती है । फेफड़े रुग्ण हो जाते हैं तथा कई प्रकार के संक्रामक रोग लग जाते हैं।

● निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर पाँच - छः पंक्तियों में दीजिए :-

प्रश्न 1 :- नशामुक्ति के क्या - क्या उपाय किए जाते हैं ?

उत्तर :- नशे के चुंगल से मुक्ति के लिए मनोरोग विशेषज्ञ की सहायता ली जाती है। नशामुक्ति के लिए वह कई प्रकार की चिकित्सा पद्धतियों को व्यावहारिक प्रयोग में लाते हैं। कुछ नशीले पदार्थों से छुटकारा दिलाने के लिए डॉक्टर नशे की खुराक देते हुए धीरे - धीरे बन्द करते हैं। कुछ नशीले पदार्थों से मुक्ति दिलाने के लिए पीड़ित को ऐसी दवाएँ दी जाती है, जिनके सेवन से उसके तन - मन की छटपटाहट काबू की जाती है। रोगी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया जाता है। विभिन्न संस्थाओं द्वारा भी रोगी के मानसिक और सामाजिक पुनर्वास के लिए यथासंभव सहायता की जाती है।

******************

## पाठ - 16 बचेंद्री पाल

● निम्नलिखित बहु वैकल्पिकप्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रश्न 1 :- एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचनेवाली प्रथम भारतीय महिला कौन है ?

( क ) सरोजिनी नायडू ( ख ) अन्ना चान्डी ( ग ) कल्पना चावला ( घ ) बचेंद्री पाल

उत्तर :- ( घ ) बचेंद्री पाल

प्रश्न 2 :- एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचकरबचेंद्री पाल के मन में किसका ध्यान आया ?

( क ) माता - पिता ( ख ) अंग दोरजी ( ग ) अपनी बहन ( घ ) अपनी सहेली

उत्तर :- ( क ) माता - पिता

● निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन - चार पंक्तियों में दीजिए :-

प्रश्न 1 :- 'रैपलिंग' का क्या अर्थ है ?

उत्तर :- रैपलिंग का अर्थ है - ऊँची चट्टान अथवा हिमखंड से एक नाईलौन की रस्सी के सहारे कुछ ही क्षणों में नीचे आना।

प्रश्न 2 :- तेनजिंग ने बचेंद्री पाल की तारीफ में क्या कहा ?

उत्तर :- तेनजिंग पाल ने बचेंद्री पाल की तारीफ करते हुएकहा कि,"तुम एक पक्की पर्वतीय लड़की लगती हो, तुम्हें तो शिखर पर पहले ही प्रयास में पहुँचजाना चाहिए।"

प्रश्न 3 :- जमी हुईबर्फ को काटने के लिए किस चीज़ का प्रयोग किया गया ?

उत्तर :- जमी हुईबर्फ को काटने के लिए फावड़े का प्रयोग किया गया ।

• निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर पाँच - छ: पंक्तियों में दीजिए :-

**प्रश्न 1 :- बचेंद्री पाल का चरित्र - चित्रण कीजिए।**

**उत्तर :-** 24 मई 1954 में जन्मी बचेंद्री एक गढ़वाली लड़की है|वह दृढ़ संकल्प वाली है। वह दस वर्ष की आयु मेंजंगलों और पहाड़ियों पर प्राय : अकेली घूमा करती थी। उसका परिवार बहु त गरीब था , अत: वह बचपन में अपनी न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति करने में भी असमर्थ थी। उसने लगभग तेरह वर्ष की आयु में आठवीं की परीक्षा अच्छे अंकों में पास की थी और फिर मेहनत करके तथा सिलाई- कढ़ाई का काम करके और पैसे जुटाकर संस्कृत में एम. ए. तथा बी.एड. की उच्च शिक्षा भी प्राप्त की। उसने कई क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अनेक पुरस्कार तथा कप भी जीते। उसने नेहरू संस्थान से पर्वतारोहण की प्रारंभिक शिक्षा भी प्राप्त की थी। बचेंद्री पाल एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ने वाली पहली भारतीय महिला है और विश्व की पाँचवी महिला है। भारतीय पर्वतारोहण संघ के द्वारा उन्हें प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक प्रदान किया गया था तथा भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री तथा प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार देने की भी घोषणा की है।

********************

# हिंदी व्याकरण

## पाठ - 6 तत्सम - तद्भव

• निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

**प्रश्न 1 :- ' उँगली ' शब्द का तत्सम रूप क्या होगा ?**

( क ) अंगुल ( ख ) अंगुलि ( ग ) अंगली ( घ ) अंगुष्ठ

उत्तर :- ( ख ) अंगुलि

**प्रश्न 2 :- ' अक्षि ' शब्द का तद्भव रूप क्या होगा ?**

( क ) पक्षी ( ख ) अक्ष ( ग ) आँख ( घ ) आँसू

उत्तर :- ( ग ) आँख

• निम्नलिखित प्रश्नों के एक या दो पंक्तियों में उत्तर दीजिए :-

**प्रश्न 1 :- तत्सम शब्द क्या होते हैं ?**

उत्तर :- जो शब्द संस्कृत भाषा से आकर हिंदी भाषा में उसी रूप में प्रयोग होते हैं , उन्हें तत्सम शब्द कहते हैं ।

**प्रश्न 2 :- तद्भव शब्द क्या होते हैं ?**

उत्तर :- वे शब्द जो मूल रूप में संस्कृत के होते हैं किंतु हिंदी भाषा में आने पर उनका रूप बदल जाता है , उन्हें तद्भव शब्द कहते हैं ।

**प्रश्न 3 :- ' घर ' तद्भव शब्द का तत्सम शब्द लिखिए ।**

उत्तर :- गृह

• निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर पाँच - छः पंक्तियों में दीजिए :-

प्रश्न 1 :- तत्सम और तद्भव शब्दों का अंतर स्पष्ट करें ।

उत्तर :- तत्सम शब्द संस्कृत भाषा के शब्द होते हैं जिनका रूप हिंदी भाषा में भी संस्कृत वाला ही रहता है । तद्भव शब्द वे होते हैं जो आते तो संस्कृत से ही हैं किंतु हिंदी भाषा में आने पर उनका रूप बदल जाता है ।

| तत्सम शब्द | तद्भव शब्द |
| --- | --- |
| अग्नि | आग |
| कीट | कीड़ा |
| छिद्र | छेद |
| मुख | मुँह |
| कर्म | काम |

***************

# पाठ - 7 उपसर्ग

• निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

प्रश्न 1 :- ' अवशेष ' शब्द से उपसर्ग अलग करें ।

( क ) अ + वशेष ( ख ) अव + शेष ( ग ) अवशे + ष ( घ ) इनमें से कोई नहीं ।

उत्तर :- ( ख ) अव + शेष

प्रश्न 2 :- ' दुर् + लभ ' शब्द जोड़कर कैसे लिखा जायेगा ?

( क ) दुलर्भ ( ख ) र्दुलभ ( ग ) दुर्लभ ( घ ) इनमें से कोई नहीं ।

उत्तर :- ( ग ) दुर्लभ

• निम्नलिखित प्रश्नों के एक या दो पंक्तियों में उत्तर दीजिए :-

प्रश्न 1 :- उपसर्ग की परिभाषा दें ।

उत्तर :- जो शब्दांश शब्द के आगे जुड़ते हैं , उन्हें उपसर्ग कहते हैं । ये शब्द के अर्थ को बदल देते हैं ।

प्रश्न 2 :- उपसर्ग कितने प्रकार के होते हैं ?

उत्तर :- उपसर्ग चार प्रकार के होते हैं ।

प्रश्न 3 :- ' उपवन ' शब्द का उपसर्ग शब्द लिखिए ।

उत्तर :- उप ( उपसर्ग ) + वन ( मूल शब्द )

• निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर पाँच - छः पंक्तियों में दीजिए :-

प्रश्न 1 :- उपसर्ग किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित समझायें ।

उत्तर :- उपसर्ग वे शब्दांश है जो शब्द के शुरू में जुड़कर शब्द को नया रूप देते हैं तथा उसकी विशेषता में भी वृद्धि करते हैं । नये शब्द बनाने का यह उत्तम ढंग है ।

जैसे :- ' मार्ग ' शब्द में यदि ' सु ' जोड़ दें तो शब्द बनेगा - सु + मार्ग = सुमार्ग

इसी प्रकार यदि ' कु ' जोड़ दें तो शब्द बनेगा - कु + मार्ग = कुमार्ग

***************

## पाठ - 8 प्रत्यय

• निम्नलिखित बहु वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

प्रश्न 1 :- ' लुटेरा ' शब्द में से प्रत्यय अलग करें ।

( क ) लूट ( ख ) टेरा ( ग ) एरा ( घ ) लुटे

उत्तर :- ( ग ) एरा

प्रश्न 2. ' बिछ + औना ' से कौनसा शब्द बनेगा ।

( क ) बिछना ( ख ) बिछुना ( ग ) बिछौना ( घ ) बिछाना

उत्तर :- ( ग ) बिछौना

• निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो पंक्तियों में दीजिए :-

प्रश्न 1 :- प्रत्यय की परिभाषा दें ।

उत्तर :- जो शब्दांश शब्द के पीछे जुड़कर शब्द को नया रूप या नया अर्थ देते हैं , उन्हें प्रत्यय कहते हैं ।

प्रश्न 2 :- प्रत्यय कितने प्रकार के होते हैं ?

उत्तर :- प्रत्यय दो प्रकार के होते हैं - ( 1 ) कृत प्रत्यय ( 2 ) तद्धित प्रत्यय

प्रश्न 3 :- ' मिलाप ' शब्द का प्रत्यय अलग करके लिखिए ।

उत्तर :- मिल ( धातु ) + आप ( प्रत्यय )

• निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर पाँच या छः पंक्तियों में दीजिए :-

**प्रश्न 1 :- प्रत्यय किसे कहते हैं ? प्रत्यय के प्रयोग से नये शब्दों का निर्माण कैसे किया जा सकता है ?**

**उत्तर :- वे शब्दांश जो शब्द के अंत में जुड़कर शब्द को नया रूप व नया अर्थ देते हैं उन्हें प्रत्यय कहते हैं । भाववाचक संज्ञा तथा विशेषण आदि बनाने में इनका महत्वपूर्ण योगदान है ।**

**जैसे :- रानी + रानियाँ - ( इयाँ ) = वचन**

**कोमल + ता - ( ता ) = भाववाचक संज्ञा**

**साहस + ई - ( ई ) = विशेषण**

**इस प्रकार प्रत्यय से नये शब्दों का निर्माण किया जा सकता है ।**

**************

# पाठ - 10 अपठित गद्यांश

*** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें-**

**सभ्य आचरण और व्यवहार ही शिष्टाचार कहलाता है। जीवन में शिष्टाचार का बहुत महत्व है। बातचीत करते समय सभी को एक दूसरे से शिष्टाचार से बात करनी चाहिए। छोटों को बड़ों से और बड़ों को छोटों से बात करते समय शिष्टाचार का ध्यान रखना चाहिए। शिष्टाचार का पालन करने के लिए उम्र की कोई सीमा नहीं होती। शिष्ट व्यक्तियों से जब कोई ग़लती हो जाती है तो वह खेद प्रकट करते हैं और सहज ही अपनी ग़लती स्वीकार करते हैं। विद्यार्थी जीवन में तो शिष्टाचार का और भी अधिक महत्व होता है, क्योंकि यही शिक्षा जीवन का आधार बनती है। स्कूल की प्रार्थना-सभा में पंक्ति में आना-जाना, कक्षा में शोर न करना, अध्यापकों की बातों को ध्यानपूर्वक सुनना, सच बोलना, सहपाठियों से मिलजुल कर रहना, स्कूल को साफ सुथरा रखना, स्कूल की संपत्ति को नुकसान न पहुंँचाना व छुट्टी के समय धक्का-मुक्की न करना शिष्ट बच्चों की निशानी है। ऐसे बच्चों को सभी पसंद करते हैं।**

**प्रश्न 1. शिष्टाचार किसे कहते हैं ?**

**क) शोर मचाने को**

**ख) झगड़ने को**

**ग) सभ्य आचरण व व्यवहार को**

**घ) बड़ों का अपमान करने को**

**प्रश्न 2. शिष्ट व्यक्तियों से जब कोई ग़लती हो जाती है तो वे क्या करते हैं?**

**क) वे खेद प्रकट करते हैं**

**ख) गलती मान लेते हैं**

**ग) 'क' और 'ख' दोनों**

**घ) इनमें से कोई नहीं**

**प्रश्न 3. कैसे बच्चों को सभी पसंद करते हैं?**

**क) झगड़ा करने वालों को**

**ख) शिष्टाचार का पालन करने वालों को**

ग) शोर मचाने वालों को

घ) झूठ बोलने वालों को

**प्रश्न 4. 'सभ्य' और 'खेद' शब्दों के अर्थ लिखिए।**

क) अच्छा व्यवहार करने वाला, अफ़सोस

ख) अनपढ़, खुशी

ग) शैतान, जलन

घ) नुकसान, धक्का

**प्रश्न 5. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए ।**

क) अशिष्ट बालक

ख) प्रार्थना सभा

ग) शिष्टाचार का पालन

घ) छुट्टी के समय धक्का-मुक्की

**उत्तर कुंजी - 1 ( ग ) , 2 ( ग ) , 3 ( ख ) , 4 ( क ) , 5 ( ग )**

*******

**2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें-**

आसमान बादल से घिरा; धूप का नाम नहीं, ठंडी पुरवाई चल रही है। ऐसे ही समय आपके कानों में एक स्वर- तरंग झंकार- सी कर उठी है। यह क्या है- यह कौन है! यह पूछना न पड़ेगा। बालगोबिन भगत समूचा शरीर कीचड़ में लिथड़े, अपने खेत में रोपनी कर रहे हैं। उनकी अँगुली एक - एक धान के पौधे को, पंक्तिबद्ध, खेत में बिठा रही है। उनका कंठ एक-एक शब्द को संगीत के जीने पर चढ़ा कर कुछ ऊपर, स्वर्ग की ओर भेज रहा है और कुछ को इस पृथ्वी की मिट्टी पर खड़े लोगों के कानों की ओर। बच्चे खेलते हुए झूम उठते हैं ; मेड़ पर खड़ी औरतों के होंठ काँप उठते हैं; वे गुनगुनाने लगती हैं; हलवाहों के पैर ताल से उठने लगते हैं ; रोपनी करने वालों की अँगुलियां एक अजीब क्रम से चलने लगती हैं। बालगोबिन भगत का यह संगीत है या जादू!

**प्रश्न 6. कौन सी स्वर- तरंग लोगों के कानों में झंकार उत्पन्न कर देती है ?**

( क ) बालगोबिन भगत के गीतों की स्वर - तरंग

( ख ) कोयल की स्वर - तरंग

( ग ) बादलों का स्वर - तरंग

( घ ) औरतों का स्वर- तरंग

**प्रश्न 7. गीत गाते समय बालगोबिन भगत क्या कर रहे हैं ?**

( क ) पक्षी उड़ा रहे हैं।

( ख ) हलवाहों के साथ घूम रहे हैं।

( ग ) अपने खेत में धान की रोपनी कर रहे हैं।

( घ ) बच्चों के साथ खेल रहे हैं।

**प्रश्न 8. बालगोबिन भगत के संगीत का वहाँ उपस्थित लोगों पर क्या प्रभाव पड़ता है ?**

( क ) बच्चे खेलते हु एझूम उठते हैं।

( ख ) मेड़ पर खड़ी औरतें गुनगुनाने लगती हैं ।

( ग ) हलवाहों के पैर गीत की ताल के अनुसार उठने लगते हैं।

( घ ) उपरोक्त सभी।

**प्रश्न 9. 'हलवाहे' तथा 'मेड़' शब्दों के अर्थ लिखिए।**

( क ) दूसरे के खेत में हल जोतने का काम करने वाले, खेत की हदबंदी

( ख ) मिठाइयाँ बनाने वाले, खेल का मैदान

( ग ) हलवा बनाने वाले, सड़क

( घ ) इनमें से कोई नहीं।

**प्रश्न 10 . इस गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।**

( क ) धान की रोपनी

( ख ) हलवाहे

( ग ) बालगोबिन भगत

( घ ) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर – कुंजी :- 6 ( क ) , 7 ( ग ) , 8 ( घ ) , 9 ( क ) , 10 ( ग )।**

********************

## पाठ - 11 अनुच्छेद – लेखन

## हिंदी भाषा की उपयोगिता

आज जन साधारण की यह मानसिकता बन चुकी है कि केवल अंग्रेज़ी सीखकर ही हम उन्नति कर सकते हैं। जबकि सच यह है कि हिंदी भाषा के बल पर भी हम जीवन में तरक्की कर सकते हैं। इसके लिए हिंदी भाषा का समुचित ज्ञान अपेक्षित है। स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय स्तर पर हिंदी विषय व हिंदी माध्यम के आधार पर उच्च शिक्षा ग्रहण की जा सकती है। आज देश में विभिन्न मंत्रालयों, आयोगों, बैंकों, संस्थाओं द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं में हिंदी माध्यम से परीक्षा देने का विकल्प उपलब्ध है। हिंदी के माध्यम से शिक्षा, जनसंचार, मीडिया, दूरदर्शन, सिनेमा आदि क्षेत्रों से भी जुड़ा जा सकता है। आज बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ भारत में अपने पाँव पसार चुकी हैं जो अपने उत्पादों को बेचने व बढ़ावा देने के लिए हिंदी का सहारा ले रही हैं क्योंकि हिंदी भारत में सम्पर्क भाषा का काम करती है। वैश्वीकरण के कारण आज हिंदी अनुवादकों की भी माँग बढ़ गई है। बढ़ती नेटवर्किंग के कारण भी आज हिंदी की उपयोगिता है।

****************

## पाठ - 13 अनुवाद

* निम्नलिखित पंजाबी वाक्यों का हिंदी में अनुवाद कीजिए :

1.ਪੰਜਾਬ ਯੂਨਵਰਸਿਟੀ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਵਿੱਚ ਹੈ।

पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ में है।

2. ਦੀਵਾਲੀ ਕੱਤਕ ਦੀ ਮੱਸਿਆ ਦੀ ਰਾਤ ਨੂੰ ਮਨਾਈ ਜਾਂਦੀ ਹੈ।

दीपावली कार्तिक मास की अमावस्या को मनाई जाती है।

3. ਇਤਿਹਾਸਿਕ ਸਥਾਨਾਂ ਦੀ ਯਾਤਰਾ ਨਾਲ ਸਾਡੇ ਗਿਆਨ ਵਿੱਚ ਵਾਧਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ।

ऐतिहासिक स्थानों की यात्रा से हमारे ज्ञान में वृद्धि होती है।

4. ਛੱਬੀ ਜਨਵਰੀ ਅਤੇ ਪੰਦਰਾਂ ਅਗਸਤ ਸਾਡੇ ਕੌਮੀ ਤਿਉਹਾਰ ਹਨ।

गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस हमारे राष्ट्रीय पर्व हैं।

5. ਸਾਡੇ ਹਿਰਦੇ ਵਿੱਚ ਆਪਣੀ ਮਾਂ ਬੋਲੀ ਲਈ ਪਿਆਰ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

हमारे हृदय में अपनी मातृभाषा के प्रति स्नेह होना चाहिए।

6. ਕਰਤਾਰ ਸਿੰਘ ਸਰਾਭਾ ਨੇ ਉੱਨੀ ਸਾਲ ਦੀ ਛੋਟੀ ਉਮਰ ਵਿੱਚ ਦੇਸ਼ ਲਈ ਸ਼ਹੀਦੀ ਪਾਈ।

करतार सिंह सराभा ने उन्नीस साल की छोटी उम्र में देश के लिए कुर्बानी दी।

7. ਮਿਠਾਸ ਅਤੇ ਨਿਮਰਤਾ ਸਾਰੇ ਗੁਣਾਂ ਦਾ ਨਿਚੋੜ ਹੈ।

मिठास और नम्रता सारे गुणों का सार है।

8. ਵਿਗਿਆਨ ਦੇ ਖੇਤਰ ਵਿੱਚ ਲਗਾਤਾਰ ਵਾਧਾ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ।

विज्ञान के क्षेत्र में लगातार वृद्धि हो रही है।

9. ਅਖ਼ਬਾਰ ਦਾ ਸਾਡੇ ਜੀਵਨ ਵਿੱਚ ਮਹੱਤਵਪੂਰਨ ਸਥਾਨ ਹੈ।

समाचार पत्र का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है।

10. ਜਨਸੰਖਿਆ ਦੇ ਵਧਣ ਨਾਲ ਬੇਰੋਜਗਾਰੀ ਵੱਧ ਰਹੀ ਹੈ।

जनसंख्या के बढ़ने के साथ साथ बेरोज़गारी भी बढ़ रही है।

11. ਸਾਨੂੰ ਬਿਜਲੀ ਦੀ ਬੱਚਤ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ।

हमें बिजली की बचत करनी चाहिए।

12. ਜੇਕਰ ਤੁਸੀਂ ਆਪਣਾ ਅੱਜ ਖਰਾਬ ਕਰੋਗੇ ਤਾਂ ਤੁਹਾਡਾ ਕੱਲ੍ਹ ਵੀ ਖਰਾਬ ਹੋ ਜਾਵੇਗਾ।

जब आप अपना आज ख़राब करोगे तो आपका कल भी ख़राब हो जाएगा।

13. ਜਨਤਕ ਸੰਪਤੀ ਦੀ ਰੱਖਿਆ ਕਰੋ ਅਤੇ ਹਿੰਸਾ ਤੋਂ ਦੂਰ ਰਹੋ।

सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करो और हिंसा से दूर रहो।

14.ਜਤਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਪੜ੍ਹਦਾ ਹੈ ਨਾਲੇ ਨੌਕਰੀ ਕਰਦਾ ਹੈ।

जितेन्द्र सिंह पढ़ रहा है और साथ में नौकरी भी कर रहा है।

15. ਗੁਰੂ ਨਾਨਕ ਦੇਵ ਜੀ ਨੇ ਕਿਰਤ ਕਰਕੇ ਖਾਣ ਦੀ ਸਿੱਖਿਆ ਦਿੱਤੀ ਹੈ।

गुरु नानक देव जी ने मेहनत करके खाने की शिक्षा दी।

16. ਦੋਸਤਾਂ ਨਾਲ ਕਦੇ ਵੀ ਹੇਰਾਫੇਰੀ ਨਹੀਂ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ।

दोस्तों के साथ कभी भी हेराफेरी नहीं करनी चाहिए।

17. ਜੇਕਰ ਨੌਕਰੀ ਨਹੀਂ ਮਿਲ ਰਹੀ ਤਾਂ ਸ੍ਵੈ-ਰੁਜ਼ਗਾਰ ਦਾ ਰਸਤਾ ਅਪਨਾਓ।

अगर नौकरी नहीं मिल रही तो स्व-रोज़गार का रास्ता अपनाओ।

18. ਢੋਲ ਦੀ ਆਵਾਜ਼ ਸੁਣ ਕੇ ਅਸੀਂ ਘਰੋਂ ਬਾਹਰ ਆ ਗਏ।

ढोल की आवाज़ सुन कर हम घर से बाहर आ गए।

19. ਸਿਆਣਾ ਇਨਸਾਨ ਖਾਲੀ ਸਮੇਂ ਦਾ ਵੀ ਸਦੁਪਯੋਗ ਕਰਦਾ ਹੈ।

बुद्धिमान इन्सान खाली समय का भी सदुपयोग करता है।

20. ਘਰ ਵਾਂਗ ਸਕੂਲ ਵਿੱਚ ਵੀ ਸਫ਼ਾਈ ਬਹੁਤ ਜ਼ਰੂरी ਹੈ।

घर की तरह स्कूल में भी सफाई बहुतआवश्यक है।

*******************

# पाठ - 14 मुहावरे और लोकोक्तियाँ

1.' ऊँची दुकान फीका पकवान ' मुहावरे का प्रयोग किन परिस्थितियों में किया जाता है?

( क ) केवल ऊपरी दिखावा करने के लिए ( ख ) कुछ मीठा खाने के लिए

( ग ) दुकान पर जाने के लिए ( घ ) पकवान बनाने के लिए

2.' कमली ओढ़ने से कोई ....... नहीं होता '। रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।

( क ) गरीब ( ख ) अमीर ( ग ) शौकीन ( घ ) फ़कीर

3. ' आम के आम गुठलियों के दाम ' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

( क ) दोगुना लाभ होना ( ख ) बहुतसारे आम मिलना

( ग ) आम के दाम बढ़ जाना ( घ ) इनमें से कोई नही

4.' आँखों पर बिठाना ' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

( क ) सम्मान करना ( ख ) अपमान करना ( ग ) शिंगार करना ( घ ) इनमें से कोई नहीं

5.' आग बबूला होना ' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

( क ) आग जलाना ( ख ) आग बुझाना ( ग ) बहुत गुस्सा होना ( घ ) इनमें से कोई नहीं

6.' अंग - अंग मुस्काना ' मुहावरे का सही अर्थ क्या है ?

( क ) बहुत दुखी होना ( ख ) बहुत थकावट होना ( ग ) बहुत खुश होना ( घ ) बहुत उदास होना

7. ' खिसियानी बिल्ली...............नोचे। ' इस मुहावरे में रिक्त स्थान की पूर्ति करें।

( क ) वस्त्र ( ख ) पंख ( ग ) खंभा ( घ ) इनमें से कोई नहीं

8.' ख़्याली पुलाव बनाना ' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

( क ) कल्पना करते रहना ( ख ) चावल पकाना ( ग ) बातें करता रहना ( घ ) बहुत तेज़ दौड़ना

9.' चादर देखकर पैर पसारना ' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

( क ) ज़्यादा खर्च करना ( ख ) कम खर्च करना

( ग ) आमदनी के अनुसार खर्च करना ( घ ) बिल्कुल खर्च न करना

10.' कलेजे पर.......लोटना। ' इस मुहावरे में रिक्त स्थान की पूर्ति करें।

( क ) चींटी ( ख ) साँप ( ग ) चादर ( घ ) वस्त्र

11.' कलेजा ठंडा होना ' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

( क ) ठंडा पानी पीना ( ख ) बदला ले लेना ( ग ) संतोष हो जाना ( घ ) मर जाना

12.' ईश्वर की माया कहीं धूप कहीं छाया ' लोकोक्ति का क्या अर्थ है ?

( क ) सब दिन एक समान नहीं होते ( ख ) ईश्वर सब जगह है

( ग ) धूप और छाया साथ साथ होतें है ( घ ) परमात्मा से कुछ छिपा नहीं

13.' एक बार भूले सो भूला कहाये , बार-बार भूले सो मूर्ख आनंद कहाये ' लोकोक्ति का प्रयोग किस परिस्थिति में किया जाता है ?

( क ) एक बार में न समझने वाले व्यक्ति के समझाने के लिए

( ख ) बार - बार झगड़ा करने वाले व्यक्ति समझाने के लिए

( ग ) जब कोई एक ही तरह की गलती बार बार करे उसे समझाने के लिए

( घ ) मूर्ख के समझाने के लिए

14.' आसमान टूट पड़ना ' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

(क) बहुत बारिश होना (ख) भारी मुसीबत आना (ग) बहुत गर्मी होना (घ) बहुत सर्दी होना

15. 'ईद का ......होना।' इस मुहावरे में रिक्त स्थान की पूर्ति करें।

(क) सूर्य (ख) त्योहार (ग) पकवान (घ) चाँद

16.' घड़ों पानी पड़ना ' मुहावरे का सही अर्थ क्या है ?

(क) बहुत बारिश होना (ख) बहुत शर्मिंदा होना (ग) बहुत गर्मी होना (घ) बहुत सर्दी होना

17.' एक अनार सौ बीमार ' लोकोक्ति का प्रयोग किस परस्थिति में किया जाता है ?

(क) जब वस्तु थोड़ी हो और उसकी माँग ज़्यादा हो (ख) जब अनार बहुत ज़्यादा हों

(ग) जब लोग ज़्यादा बीमार होने लगे (घ) इनमें से कोई नहीं

18.' कायापलट होना ' मुहावरे का सही अर्थ क्या है ?

(क) बिल्कुल बदल जाना (ख) वस्त्र बदलना (ग) जगह बदलना (घ) पलटकर वापिस आना

19.' ईमान बेचना ' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

(क) कारोबार आरम्भ करना (ख) बेईमानी करना (ग) ईमानदार बने रहना (घ) चालाकी करना

20.' कलई खुलना' मुहावरे का सही अर्थ है - रहस्य खुलना।

(क) ग़लत (ख) सही

21.' टका सा जवाब देना ' मुहावरे का सही अर्थ है - कोरा जवाब देना।

(क) सही (ख) ग़लत

22.' अक्ल के ......... दौड़ाना।' इस मुहावरे में रिक्त स्थान की पूर्ति करें।

(क) दौड़ (ख) घोड़े (ग) हिरन (घ) पहिये

23. ' आँखें चुराना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है ?

(क) छिपना (ख) तेज़ चलना (ग) रुक जाना (घ) गुस्सा करना

24.' आग में ........डालना।' इस मुहावरे में रिक्त स्थान की पूर्ति करें।

(क) पानी (ख) पैट्रोल (ग) मिट्टी (घ) रेत

25.' गिरगिट की तरह रंग बदलना ' मुहावरे का क्या अर्थ है ?

(क) चरित्रहीन व्यक्ति (ख) शांतिप्रिय व्यक्ति (ग) सिद्धांतहीन व्यक्ति (घ) सिद्धांतवादी व्यक्ति

26.' अंधे की लकड़ी ' मुहावरे का सही अर्थ है - एकमात्र सहारा ।

(क) सही (ख) ग़लत

27.' आगे कुआँ  पीछे ......। ' इस लोकोक्ति में रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।

( क ) पहाड़ ( ख ) नहर ( ग ) समुद्र ( घ ) खाई

28.' खोदा पहाड़ निकली .......... । ' इस लोकोक्ति में रिक्त स्थान की पूर्ति करें ।

( क ) पहाड़ी ( ख ) नहर ( ग ) चुहिया ( घ ) खाई

29. ' कान का कच्चा ' मुहावरे का सही अर्थ क्या है ?

( क ) बहुत जल्दी विश्वास कर लेने वाला व्यक्ति ( ख ) शांतिप्रिय व्यक्ति

( ग ) सिद्धांतहीन व्यक्ति ( घ ) सिद्धांतवादी व्यक्ति

30 ' ....... पीकर रह जाना। ' इस मुहावरे में रिक्त स्थान की पूर्ति करें।

( क ) पानी ( ख ) जूस ( ग ) आँसू ( घ ) रस

उत्तर कुंजी :- 1.( क ), 2.( घ ), 3.( क ), 4. ( क ), 5. ( ग ), 6. ( ग ), 7.( ग ), 8. ( क ), 9. ( ग ), 10. ( ख ),11. ( ग ), 12. ( क ),13. ( ग ),14. ( ख ),15.( घ ),16. ( ख ), 17. ( क ),18. ( क ),19. ( ख ), 20.( ख ),21. ( क )22. ( ख ), 23. ( क ), 24. ( क ), 25. ( ग ), 26. ( क ), 27. ( घ ), 28. ( ग ), 29. ( क ),30. ( ग )

---

## पाठ – 12 पत्र लेखन

### * अपनी सहेली को प्रतियोगी-परीक्षा में प्रथम स्थान प्रप्त करने पर बधाई पत्र लिखें।

1274, वार्ड नम्बर-2,

………...जालंधर।

............,2020

प्रिय राधिका,

आशा करती हूँ कि तुम सपरिवार सकुशल होंगे। आज जब मैं स्कूल की लाइब्रेरी में अखबार पढ़ रही थी तो अखबार के दूसरे पन्ने पर तुम्हारी फोटो देखी। पढ़ने पर पता चला कि तुमने एन.टी.एस.ई. की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। तुम्हारी इस सफलता पर मैं फूली नहीं समा रही। तुम्हें इस उपलब्धि पर बहुत - बहुत बधाई। प्रिय राधिका, जिस लगन व परिश्रम से तुमने इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए दिन-रात एक कर दिया था, उससे हमें पूर्ण विश्वास था कि तुम सफलता की सीढ़ी के शीर्ष तक पहुँचकर माँ-बाप का नाम रोशन करोगी। मेरी ओर से अंकल व आंटी जी को बधाई देना।

हम आशा करते हैं कि भविष्य में भी तुम इसी प्रकार प्रत्येक परीक्षा में परिवार का नाम रोशन करोगी।

तुम्हारी सहेली,

अनीता

**********************

## * बड़ी बहन की ओर से छोटे भाई को पढ़ाई में ध्यान देने व कुसंगति से बचने के लिए पत्र लिखें।

**752, सुंदर नगर,**

**जालंधर।**

**..........2020**

**प्रिय अनुज विवेक,**

**सदा खुश रहो।**

**मुझे विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि तुम आजकल पढ़ाई में बिल्कुल ध्यान नहीं देते। सारा दिन आवारागर्दी करते रहते हो। तुम अपना होमवर्क भी पूरा नहीं करते और बाज़ार में वीडियो गेम्स खेलते रहते हो। यह भी पता चला है कि तुम कई बार स्कूल से भागकर सिनेमा देखने चले जाते हो। जब से तुम्हारे बारे में ये बातें पता चली हैं, मैं बहुत दुःखी हो गयी हूँ। मैंने अभी तक ये बातें मम्मी और पापा को नहीं बतायीं।**

**प्रिय अनुज, तुम बहुत ही होनहार हो। तुम प्रवेश-परीक्षा पास करके घर से दूर इतने अच्छे विद्यालय के छात्रावास में रहकर शिक्षा ग्रहण करने गये हो। दसवीं की परीक्षा का आधार नौवीं कक्षा है, इसलिए नौवीं कक्षा में तुम मन लगाकर पढ़ो। अब जो हो गया, उसे भूल जाओ और मन लगाकर पढ़ो।**

**मुझे पूर्ण विश्वास है कि तुम मेरी बात ज़रूर मानोगे। अगले महीने तुम्हारी घरेलू परीक्षा है। इसमें अच्छे अंक लेकर दिखाओ और कुसंगति से दूर रहो, अन्यथा फिर मुझे माता-पिता को तुम्हारी हरकतों के बारे में बताने के सिवाय कोई चारा नहीं रह जाएगा। पत्र मिलते ही मुझे पत्र लिखकर अपनी स्थिति स्पष्ट करो। मम्मी व पापा की तरफ से ढेर सारा प्यार।**

**तुम्हारी शुभाकांक्षी बहन,**

**गरिमा**

**********************

आशा करते हैं शिक्षा विभाग द्वारा किया गया यह प्रयास शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में लाभदायक सिद्ध होगा ।

सधन्यवाद